आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



बर्ष :12 अंक :285 पृष्ठ -4 दिनांक 13 अक्टूबर 2024 दिन रविवार

# CM योगी आदित्यनाथ की मां की तबियत बिगड़ी, जौलीग्रांट अस्पताल में भर्ती

## उत्तराखंड से गहरा संबंध रखने वाले योगी आदित्यनाथ की मां सावित्री देवी की तबीयत पहले भी कई बार खराब हो चुकी है

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां सावित्री देवी (80) की तबीयत एक बार फिर बिगड़ने के बाद उन्हें दे. हरादून के जौलीग्रांट अस्पताल में भर्ती कराया गया है. अस्पताल के सूत्रों के अनुसार, उन्हें मंगलवार को अस्पताल लाया गया था और वर्तमान में उनकी स्थिति स्थिर है. सावित्री देवी को अस्पताल के वार्ड 111 में, कमरे नंबर 15 में रखा गया है, जहां उनकी देखरेख चल रही है.मिली जानकारी के अनुसार उत्तर



प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपनी मां से मिलने रविवार सुबह जौलीग्रांट आ सकते हैं. इस संभावना को देखते हुए पुलिस और प्रशासन अलर्ट हो गए हैं और अस्पताल परिसर के आसपास सुरक्षा व्यवस्था को कड़ा कर दिया गया है. सीएम योगी आदित्यनाथ की मां के स्वास्थ्य के बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया गया है, लेकिन अस्पताल प्रशासन ने उनकी हालत पर कड़ी नजर रखी है. उत्तराखंड से गहरा संबंधरखने वाले योगी आदित्यनाथ की मां सावित्री देवी की तबीयत पहले भी कई बार खराब हो चुकी है, और उन्हें समय–समय पर अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

बता दें कि इससे पहले जून 2024 में भी सीएम योगी की मां सावित्री देवी की तबियत खराब हो गई थी.

इस दौरान उन्हें उत्तराखंड के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ऋषिकेश में भर्ती कराया गया था.सीएम योगी भी तब अपनी मां से मिलने एम्स ऋषिकेश पहुंचे थे. सीएम योगी मूल रूप से उत्तराखंड के रहने वाले हैं और उनका परिवार पौड़ी गढ़वाल के पचौर गांव में रहता है.

## यूपी पुलिस के एनकाउंटर में 1.5 लाख का इनामी बदमाश ढेर, इंस्पेक्टर के साथ सिपाही को भी लगी गोली

उत्तर प्रदेश में एक बार फिर पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़ हुई है, जिसमें 1.5 लाख के इनामी बदमाश राजेश को मार गिराया गया. राजेश के खिलाफ 50 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज थे, जिनमें ज्यादातर लूट, डकैती और गैंगस्टर एक्ट से जुड़े थे. बुलंदशहर के कोतवाली देहात क्षेत्र में हुई इस मुठभेड़ के दौरान अहार थाना प्रभारी और एक सिपाही भी गोली लगने से घायल हुए हैं. राजेश बुलंदशहर के अहार थाना क्षेत्र के सिहालीनगर गांव का रहने वाला था. उसे काफी समय से पुलिस तलाश कर रही थी. मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उसकी घेराबंदी की. जब राजेश से आत्मसमर्पण करने को कहा गया, तो उसने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी. जवाबी कार्रवाई में राजेश को गोली लगी और उसकी मौत हो गई. यह एनकाउंटर अनूपशहर के सीओ गिरजा शंकर त्रिपाठी के नेतृत्व में हुआ.इसके कुछ ही घंटों बाद बुलंदशहर पुलिस ने एक और मुठभेड़ का सामना किया. 12 अक्टूबर की रात खुर्जा नगर पुलिस ने बाबूलाल और गोलू नाम के दो बदमाशों को पकड़ा. ये दोनों पुलिस की चेकिंग से भागने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन बाइक फिसलने के बाद उन्होंने पुलिस पर फायरिंग की. जवाबी फायरिंग में दोनों बदमाशों के पैरों में गोली लगी और उन्हें गिरफ्तार कर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया. बाबूलाल और गोलू पर नौ अक्टूबर को पैसों के विवाद में गौरव नामक व्यक्ति की हत्या करने का आरोप है. उनके पास से अवैध असलहा, कारतूस और बाइक बरामद की गई है. उधर, फिरोजाबाद के थाना सिरसागंज क्षेत्र में भी एक मुठभेड़ हुई, जिसमें पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के आरोपी को गिरफ्तार किया. उसके पास से अवैध हथियार, कारतूस और चोरी की गई मोटरसाइकिल बरामद की गई है.

## चोर से मिला चेहरा, नाबालिग को पुलिस ने पकड़ा, छोड़ने के लिए मांगी 4 लाख की रिश्वत

उत्तर प्रदेश के बस्ती में कथित तौर पर पुलिस का हैरान करने वाला कारनामा सामने आया है. जहां एक 14 साल के नाबालिग दलित बच्चे को दरा. गा ने कथित तौर पर महज इसलिए चोर बना दिया, क्योंकि उसकी शक्ल और हुलिया असली चोर से मिलता जुलती है. चोरी की वारदात के बाद जब पुलिस को चोर नहीं मिला तो उन्होंने एक बेगुनाह को पकड़ा लिया.पुलिस ने नाबालिग से फिल्मी स्टाइल में समान बरामद किया और फिर पीट–पीट कर अपना जुर्म कुबूल करने पर मजबूर करते हुए जेल में डेल दिया. अब नाबालिग बच्चे के परिजन न्याय के लिए शासन और प्रशासन से गुहार लगा रहे है.यह पूरा मामला बस्ती जनपद के गौर थाने का है. गौर थाने के थानेदार पर आरोप है कि उन्होंने एक नाबालिग दलित बच्चे को कथित तौर पर उस जुर्म की सजा दी जो उसने किया ही नहीं था.पुलिसिया उत्पीड़न का बच्चे के दिमाग पर काफी बुरा असर पड़ा है. नाबालिग बच्चे के परिजन उसकी बेगुनाही साबित करने के लिए ठोकरें खा रहा है.पत्र लिख लगाई न्याय की गुहारगौर थाना क्षेत्र के वार्ड नम्बर 14 स्थित चन्द्रशेखर आजाद नगर के रहने वाले कैलाशनाथ ने पुलिस महा. निदेशक, मानवाधिकार आयोग, अनुसूचित जन जाति आयोग के साथ ही अन्य विभागों को रजिस्टर्ड पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है. पत्र में कैलाशनाथ ने कहा है कि उनके घर के सामने शिव कुमार के घर में विगत 31 अगस्त को चोरी हुई थी. इस शिकायत पत्र में आगे बताया गया कि चोरी की घटना की सूचना पर गौर थाना और बभनान चौकी की पुलिस मौके पर पहुंची. कैलाशनाथ के घर में लगे सीसीटीवी फुटेज से चोर की पहचान न होने पर पुलिस चली गई. यह फुटेज खुद पीड़ित नाबालिग बच्चे ने पुलिस की मदद के मकसद से दिखाया. पुलिस पर लगाए ये आरोपबीते 3 सितंबर को गौर पुलिस और बभनान चौकी पुलिस उनके घर फिर से पहुंची, इसके बाद कैलाशनाथ और उनके नाती 14 वर्षीय अंश को गाड़ी में बैठाकर थाने ले गई. आरोप है कि इस दौरान दो दिनों तक गौर पुलिस ने नाबालिग अंश और 70 वर्षीय कैलाशनाथ को मारा पीटा. धमकियां दी ताकि बच्चा जुर्म को कबूल कर ले. आरोप है कि नाबालिग बच्चे को पुलिस ने थर्ड डिग्री टॉर्चर दिया.जब पुलिस की मार से भी पीड़ित बच्चे ने कहा उसने चोरी नहीं की है, तो जबरन गौर थानाध्यक्ष राम कुमार रा. जभर, बभनान पुलिस चौकी इंचार्ज अनन्त कुमार मिश्र, सिपाही लवकुश यादव ने नाना और नाती को छोड़ने के लिये चार लाख रुपये की मांग की. रिश्वत न देने पर चोरी के फर्जी मुकदमें में फंसाने की धमकी दी. नाबालिग ने सुनाई आपबीत पीड़ित बच्चे के नाना कैलाशनाथ के अनुसार, गौर पुलिस ने एक लाख रुपये की रिश्वत लेने के बाद उन्हें तो छोड़ दिया लेकिन उनके नाबा. लिग नाती अंश को चोरी के आरोप में चालान कर दिया. तीसरे दिन वह जमानत पर छूटा. पीड़ित बच्चे ने बताया कि उसने खुद पुलिस की मदद की, अपने घर पर लगे सीसीटीवी फुटेज निकाल कर पुलिस को दिया, जिससे असली चोर को पुलिस पकड़ सके.अंश के मुताबिक, ष्पुलिस की मदद करने पर उल्टा पुलिस ने उसे ही चोर बना दिया. जबकि वह रात में अपने घर के अंदर गया और सुबह बाहर निकला, जिसकी सीसीटीवी रिकॉर्डिंग भी है. बावजूद इसके वसूली के चक्कर में उसे फंसा दिया गया. अंश ने बताया कि वह अब पुलिस को देखते ही डर जाता है, घर से बाहर नहीं निकलता क्योंकि पुलिस ने उसके साथ बेहद क्रूर का व्यवहार किया. ष्दोषियों पर कार्रवाई की मांगपीड़ित कैलाशनाथ ने इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने और एक लाख रुपये की उगाही करने वाले दोषी पुलिसक. र्मियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है. कैलाशनाथ को आशंका है कि शिकायत करने के नाते गौर पुलिस उन्हें और उनके परिवार को दोबारा किसी फर्जी मामले में फंसाकर परेशान कर सकती है. कैलाशनाथ के मुताबिक, अगर उसके या परिवार के साथ कोई अनहोनी होती है तो गौर थानाध्यक्ष राम कुमार राजभर, बभनान पुलिस चौकी इन्चार्ज अनन्त कुमार मिश्र, सिपाही लव. कुश यादव जिम्मेदार होंगे.

कैलाशनाथ ने आरोप लगाया कि एसओ गौर और उनकी पुलिस ने बहुत शोषण किया, सच का साथ देने के लिए झूठ को सच बना दिया और एक बच्चे के जीवन को बर्बाद कर दिया.सीओ की अगुवाई में जांच टीम गठितइस मामले में एएसपी ओपी सिंह ने बताया कि कैलाशनाथ की तरफ से एक शिकायतीपत्र मिला है, जिसमें पुलिस पर पैसे लेकर उनके नाती को जेल भेजने का आरोप है. इस मामले में जो भी साक्ष्य पुलिस ने इकट्ठा किया है उसकी दोबारा से जांच कराई जाएगी और गुण दोष के आधार पर कड़ी कार्रवाई होगी. एएसपी ओपी सिंह ने कहा कि जांच के बाद अगर आरोप सही पाये जाते हैं तो उन्हें बख्शा नहीं जाएगा. कैलाशनाथ की शिकायत पर सीओ हरैया के अगुवाई में जांच टीम का गठन किया गया है और इस टीम ने जांच शुरू भी कर दी है.

## मां को इतना मारा कि रोते-रोते चली गई आंखों की रोशनी, जल्लाद बेटे की पुलिस को तलाश

**हापुड़** अखलाक के छोटे भाई शमशाद ने बताया कि अखलाक का पूरे घर केलोगों के प्रति नफरत वाला व्यवहार था. अखलाक मां–बाप के साथ मारपीट करता था और उससे भी झगड़ा करता था नमकीन के पैकेटों में 2000 करोड़ की कोकीन को पकड़ने वाली दिल्ली पुलिस की स्पेशल टीम ने कोकीन तस्करी के मामले में हापुड़ के अखलाक को गिरफ्तार किया था. अखलाक जनपद हापुड़ के नगर कोतवाली क्षेत्र के गद्दापाड़ा में रहता था, अखलाक का व्यवहार अपने माता–पिता और भाई से भी सही नहीं था. अखलाक न सिर्फ अपने माता–पिता के साथ मारपीट करता था, बल्कि भाई से भी लड़ाई झगड़ा करता था. अखलाक ने दो शादियां की और दोनों ही पत्नियों को तलाक दे दिया. हापुड़ के गद्दापाड़ा में रहने वाली अखलाक की मां ने बताया कि अखलाक ने उनसे लड़ाई झगड़ा करके करीब 16 लाख रुपये लिये थे. वह आए दिन मकान को नाम कराने के लिए अपनी पत्नी के कहने पर मारपीट करता था. अखलाक की पिटाई से वह इतना रोईं कि उनकी आंखों की रोशनी तक चली गई है. अखलाक के छोटे भाई शमशाद ने बताया कि अखलाक का पूरे घर के लोगों के प्रति नफरत वाला व्यवहार था. अखलाक मां–बाप के साथ मारपीट करता था और उससे भी झगड़ा करता था. दिल्ली पुलिस ने जब उन्हें गिरफ्तार किया, तब उन्हें पता चला. पिछले दो सालों से उसका और अखलाक का कोई लेना–देना नहीं है.भाई शमशाद ने कहा कि अखलाक सबसे से मारपीट करता था और उन पर अटैक करता था. अखलाक की पत्नी है और तीन बच्चे हैं, लेकिन वह भी अलग हैं. शमशाद ने बताया कि सिकंदरगेट पर उनका मेडिकल स्टोर है और मेडिकल स्टोर को कब्जा करने के लिए वह आए दिन विवाद करता रहता था. जिसकी वजह से उसने मेडिकल स्टोर पर आना छोड़ दिया.अखलाक के पड़ोस में रहने वाले चांद मोहम्मद ने बताया कि अखलाक जब हापुड़ में रहता था, तब वह फोन पर भी ज्यादा समय देता था. हर टाइम फोन पर ही बात करता हुआ दिखाई देता था. ऐसे में कोकीन की तस्करी में वह पकड़ा गया है, इसकी जानकारी उन्हें खबरों के माध्यम से हुई है. वहीं अखलाक को लेकर हापुड़ पुलिस और एलआईयू भी सक्रिय हो गई है. अखलाक से जुड़ी हर तरह की जानकारी पुलिस द्वारा जुटाई जा रही है.

(हापुड़ से विपिन शर्मा की रिपोर्ट)

आवश्यकता है

हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र जननायक सम्राट के लिये जिला ब्यूरो चीफ, मण्डल ब्यूरो चीफ,ब्लॉक ब्यूरो एवं संवाददाता की आवश्यकता है।

सम्पर्क करें – अमित कुमार वर्मा सम्पादक

मो:8218049162,8273402499

जननायक सम्राट
हिन्दी साप्ताहिक

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिंटिंगप्रेस,अचलताल, अलीगढ़ से मुद्रित कराकर कार्यालय सरोज नगर ,गली नम्बर 5, अलीगढ़ से प्रकाशित

सम्पादक
अमित कुमार वर्मा

सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्यायलय ही होगा।

# प्रेमानंद महाराज के प्रवचन से प्रभावित 16 साल के छात्र ने छोड़ा परिवार, संत बनने घर से निकला

## पुलिस की जांच और तलाश शुरू हुई तो पुलिस ने महज 48 घंटे के अंदर बच्चे को ढूंढ निकाला और परिजनों के सुपुर्द कर दिया.




आगरा में एक ऐसा मामला सामने आया है जिसमें एक 16 वर्षीय छात्र अपने माता–पिता को कुछ भी बताए बिना ही घर निकल गया. 16 वर्षीय छात्र वृंदावन पहुंचकर दीक्षा लेना चाहता है क्योंकि छात्र के मन पर प्रेमानंद महाराज के प्रवचनों का बड़ा प्रभाव हुआ है, जिसके चलते अब छात्र प्रेमानंद महाराज से दीक्षा लेना चाहता है.छात्र मोबाइल फोन पर प्रेमानंद महाराज के प्रवचनों की रील देखकर प्रभावित हुआ है. आगरा का एक 16 वर्षीय बालक स्वामी प्रेमानंद महाराज के प्रवचन से इतना प्रभावित हुआ कि संत बनने के लिए बिना घर पर बताये घर छोड़कर निकल गया. नाबालिग बच्चे के घर से लापता हो जाने से परिजन बेहद परेशान हो गए और बच्चे की तलाश शुरू कर दी पर काफी तलाशने के बाद भी बच्चा नहीं मिला. जिसके बाद परिजनों ने बच्चे के गायब होने की सूचना पुलिस को दी. 16 वर्षीय बच्चे के लापता होने की सूचना को पुलिस ने गंभीरता से लिया और बच्चे की तलाश में जुट गई. पुलिस की जांच और तलाश शुरू हुई तो पुलिस ने महज 48 घंटे के अंदर बच्चे को ढूंढ निकाला और परिजनों के सुपुर्द कर दिया. तब जाकर परिजनों की सांस में सांस आई. दरअसल थाना कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले 16 वर्षीय शिवम शर्मा को मोबाइल पर रील्स देखते हुए स्वामी प्रेमानंद महाराज की प्रवचन की रील मिली. जिसके बाद उसे उनकी रील्स देखने की आदत हो गई.प्रेमानंद महाराज से मिलने निकला वृंदावनशिवम दिन में कई कई बार प्रेमानंद महाराज की रील को देखने लगा. एक दिन अचानक शिवम के मन में संत बनने की भावना जगी और शिवम ने भी प्रेमानंद महाराज तरह ही संत बनने की ठान ली और घर पर बिना बताये प्रेमानंद महाराज से मिलने के लिए वृंदावन निकल गया और वृंदावन में दो बार प्रेमानन्द से मुलाकात भी की. छात्र शिवम का कहना है कि वह भी संत बनना चाहता है और श्री राधा नाम का जाप करना चाहता है.जहां शिवम संत बनने के लिए वृंदावन पहुंच चुका था तो वहीं दूसरी ओर शिवम के परिजन बच्चे के लापता हो जाने से बेहद परेशान थे. अचानक लापता हुए शिवम के परिजन काफी परेशान हो गए और उन्होंने शिवम को हर तरफ तलाशने के बाद थाना कोतवाली में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई. शिवम की गुमशुदगी दर्ज करने के बाद कोतवाली पुलिस उसे तलाशने में जुट गई.पुलिस ने परिजनों को सुपुर्द किया बच्चा पुलिस ने सीसीटीवी और सर्विलांस की मदद के साथ बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर भी शिवम को तलाशा किया जिसके बाद पुलिस ने उसे मथुरा से बरामद कर लिया और परिजनों के सुपुर्द कर दिया. जब थाना कोतवाली पुलिस की टीम ने जब सकुशल शिवम को बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया तो परिजनों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा. हर कोई पुलिस की कार्यशैली को प्रशंसा करने लगा, बच्चे की बरामदगी से परिजनों सहित स्थानीय लोगों ने बच्चे को बरामद करने वाली पुलिस टीम का सम्मान किया. बच्चे के मन के भाव है कि वह प्रवचन सुनकर श्री राधा नाम का जाप करें.पुलिस ने सीसीटीवी की मदद से शुरू की बच्चे की तलाश इस मामले पर थाना कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि बच्चे के गुम हो जाने की सूचना परिजन द्वारा दर्ज कराई गई थी जिसके बाद हमने बच्चे की तलाश शुरू कर दी. सीसीटीवी कैमरे की मदद से बच्चे की तलाश शुरू की गई. सीसीटीवी में बच्चा पहले रास्ते जाता दिखा. फिर ऑटो में बैठकर आगे चला गया,जैसे–जैसे बच्चे की लोकेशन मिलती जा रही थी हम उस लोकेशन का पीछा कर रहे थे. फिर सीसीटीवी में दिखा कि बच्चा मथुरा जाने वाली बस में सवार हो गया तो हमने बस का पीछा किया. मथुरा पहुंचने के बाद बच्चा वृंदावन पहुंच गया जहां से उसे बरामद किया गया, जब बच्चे की सुपुर्दगी परिजनों को दी तो बच्चे के मां पिता बहुत ही भावुक थे.

## CM आतिशी ने दिल्ली में रावण दहन कर BJP पर बोला हमला



दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने विजयदशमी के मौके पर शनिवार (12 अक्तूबर) को इंद्रप्रस्थ एक्सटेंशन और मलकागंज, तिमारपुर में आयोजित भव्य रामलीला कार्यक्रम में शामिल हुईं और रावण दहन किया. दशहरा के मौके पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए सीएम ने कहा, भगवान श्रीराम हमारे लिए आदर्श हैं. उनके जीवन का हर पहलू हमारे लिए एक सीख है.उन्होंने कहा, सत्य की असत्य पर जीत का यह दिन इस बात का प्रतीक है कि असत्य चाहे जितना भी प्रबल हो, प्रगाढ़ हो, शक्तिशाली हो, लेकिन जीत आखिरकार सत्य की होती है, भगवान श्रीराम की होती है. सीएम आतिशी कहा, भगवान श्रीराम का जीवन हमें सीखाता है कि जिंदगी में चाहे कितना भी संघर्ष हो, मुश्किलें हो, लेकिन मर्यादा के रास्ते से नहीं हटना है, गलत राह पर नहीं चलना है. उन्होंने कहा, हमने भी पिछले 10 सालों से दिल्लीवालों के प्यार से, दिल्लीवालों के आशीर्वाद से और भगवान श्रीराम से प्रेरणा लेते हुए दिल्ली में उनके पदचिन्हों पर चलने की कोशिश की है. इस मौके पर सीएम ने दिल्ली के एक्स सीएम अरविंद केजरीवाल की तारीफ करते हुए कहा, दिल्ली के चहेते बेटे अरविंद केजरीवाल ने 10 साल में भगवान श्रीराम से प्रेरित होकर दिल्ली के लोगों की जिंदगी बदलने की कोशिश की है. सीएम ने अरविंद केजरीवाल को लेकर क्या कहा? इसके लिए चाहे दिल्ली के बच्चों को अच्छी शिक्षा देनी हो, चाहे बुजुर्गों को तीर्थ–यात्रा करवाना हो, चाहे हर दिल्लीवाले को अच्छा इलाज दिलवाना हो, चाहे महिलाओं को फ्री में बस यात्रा करवाना हो अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में रामराज्य स्थापित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी. उन्होंने कहा, जैसे भगवान श्रीराम को इतनी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, सच्चाई के लिए वनवास जाना पड़ा वैसे ही दिल्ली के चहेते बेटे अरविंद केजरीवाल को भी संघर्ष करना पड़ा. उन्होंने का, उनपर झूठे केस हुए, उनके काम को रोकने की कोशिश हुई, लेकिन अरविंद केजरीवाल सच्चाई के रास्ते से कभी हटे नहीं. शायद यही कारण है कि, दिल्लीवालों का प्यार और आशीर्वाद हमेशा उनपर बना रहा है. सीएम आतिशी परोक्ष रूप से आगामी विधानसभा चुनाव में समर्थन की मांग करते हुए कहा, आज विजयादशमी के मौके पर ये प्रण लीजिए कि दिल्ली में रामराज्य के लिए काम करने वाले दिल्लीवालों के बेटे अरविंद केजरीवाल को हमेशा अपना आशीर्वाद देना है, सच्चाई को आशीर्वाद देना है, न्याय को आशीर्वाद देना है. मनीष सिसोदिया ने क्या कहा?वहीं उन्होंने इशारों–इशारों में बीजेपी पर हमला बोलते हुए कहा, चाहे जितनी मुश्किलें हो सभी को भगवान श्रीराम के दिखाए रास्ते पर चलते हुए असत्य के खिलाफ संघर्ष करना है. अन्याय के खिलाफ खड़े रहना है क्योंकि असत्य हारेगा और अंततः सच्चाई की जीत होगी. वहीं दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया पटपड़गंज विधानसभा में आयोजित रावण दहन उत्सव में शामिल हुए. इस दौरान उन्होंने कहा, भगवान राम की कृपा से ही मैंने दिल्ली के सरकारी स्कूल अच्छे कर दिए और आज हमारे बच्चों को अच्छी शिक्षा मिल रही है. उन्होंने कहा, जिस तरह मैंने ऐसा कोई काम नहीं किया था कि देश में मेरा इतना नाम हो जाए, उसी तरह मैंने ऐसा भी कोई काम नहीं किया था कि मैं जेल चला जाऊं. 17 महीने के वनवास के बाद जब बाहर निकलने की मेरी बारी आई तो भगवान राम ने सुप्रीम कोर्ट के जज की वाणी पर बैठकर सीबीआई, ईडी को डांट लगाई और आज मैं इज्जत से दिल्ली की जनता के बीच में हूं.मनीष सिसोदिया ने कहा, हम सबके अंदर भगवान राम बसते हैं. यह बुराई पर अच्छाई की जीत का जश्न है. आपके हृदय में बैठे हुए भगवान राम आज यह देखने आए हैं कि जैसे उन्होंने रावण का वध किया था, आज जनता भी उसी तरह बुराई को मार रही है या नहीं? आज की जनता भी बुराई को मार रही है और मारेगी. जब–जब अच्छाई, बुराई को मारेगी, अच्छाई अहंकार को मारेगी, और सच्चाई तानाशाही को मारेगी, तब–तब हम लोग जश्न मनाने आते रहेंगे.

## दिल्ली की रामलीला में कुंभकरण बने कलाकार की मौत, मेकअप हटाते वक्त आया हार्ट अटैक

चिराग दिल्ली इलाके में आयोजित रामलीला में कुंभकर्ण का किरदार निभाने वाले 60 वर्षीय विक्रम तनेजा की हार्ट–अटैक से शनिवार को मौत हो गई. वे रामलीला के मंचन में अपना किरदार निभाने के बाद मेकअप हटा रहे थे. उसी दौरान उनकी तबियत बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें तुरंत ही इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां बाद इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया. विक्रम मुम्बई के रहने वाले थे और पिछले कई वर्षों से वह दिल्ली के सामाजिक रामलीला समिति ग्रेटर कैलाश से जुड़े हुए थे. वह रामलीला में श्कुंभकर्णश के किरदार को दर्शकों के सामने जीवंत करते आ रहे थे.डॉक्टरों ने बताई मौत की ये वजह डॉक्टरों ने विक्रम की मौत का कारण हृदय गति रुकना बताया है. दरअसल, शुक्रवार की रात रामलीला मंचन के बाद विक्रम अपना मेकअप हटा रहे थे, तभी उनकी तबीयत खराब हो गई. वह अचानक बेहोश हो गए. उनके साथी तुरंत ही उन्हें नजदीक के अस्पताल लेकर गए, जहां कुछ देर बाद भर्ती रहने के बाद भी उन्हें आराम नहीं मिला. इसके बाद उन्हें दूसरे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां शनिवार को उनकी मौत हो गई. परिजनों ने नहीं किया मौत पर कोई संदेह जाहिर डीसीपी साउथ अंकित चौहान ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मालवीय नगर थाना की पुलिस को 12 सितंबर को पीएसआरआई अस्पताल से एक पीसीआर कॉल मिली थी, जिसमें बताया गया कि पश्चिम विहार के भेरा एनक्लेव के रहने वाले विक्रम तनेजा की मौत हो गई है. पूछताछ के दौरान पता चला कि मृतक मालवीय नगर स्थित सावित्री नगर रामलीला में कुंभकरण की भूमिका निभा रहे थे. जहां उन्होंने सीने में दर्द की शिकायत की. जिस पर उन्हें नजदीकी आकाश अस्पताल ले जाया गया.राम की भी हुई थी हार्ट अटैक से मौतबता दें कि कुछ दिनों पहले दिल्ली के शहादरा में झिलमिल कॉलोनी स्थित जयश्रीरामलीला कमेटी में भगवान राम का किरदार निभा रहे सुशील कौशिक की भी हार्ट अटैक से मौत हो गई थी. सीता स्वयंवर की लीला के दौरान अचानक ही उनके सीने में दर्द उठा और वह स्टेज के पीछे जा गिरे. उन्हें तुरंत ही अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उन्हें भी नहीं बचाया जा सका.

## दशहरा उत्सव में शामिल हुए अरविंद केजरीवाल, चिराग दिल्ली में किया रावण दहन

आम आदमी पार्टी के संयोजक व पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल चिराग दिल्ली में आयोजित रामलीला एवं दशहरा उत्सव में शामिल हुए. कार्यक्रम में अपने संबोधन के दौरान केजरीवाल ने कहा कि राम राज्य की अवधारणा से प्रेरणा लेते हुए हम दिल्ली में अपनी सरकार चलाने की कोशिश करते हैं. दिल्ली में हर बच्चे को चाहे वह अमीर हो या गरीब अच्छी शिक्षा मिलनी चाहिए. हर व्यक्ति को चाहे वह अमीर हो या गरीब अच्छा इलाज मिलना चाहिए.उन्होंने आगे कहा कि पहले लंबे समय तक बिजली कटौती होती थी, अब 24 घंटे मुफ्त बिजली दी जा रही है. आज इस अवसर पर मैं यहां मौजूद सभी राम भक्तों को दशहरा की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं.भगवान राम के जीवन से प्रेरणा लेने की जरूरत'वहीं पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी को भगवान राम के जीवन से प्रेरणा लेने की जरूरत है. रामायण और रामचरितमानस हिंदू समाज और हमारे देश का अभिन्न अंग हैं. जब मैं बच्चा था, तो अपने माता–पिता के साथ रामलीला कार्यक्रमों में जाता था. मैं सभी से आग्रह करता हूं कि वे अपने बच्चों को रामलीला कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए लाएं क्योंकि यह हमारी संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है. इससे पहले ।।च संयोजक केजरीवाल शुक्रवार को मयूर विहार में आयोजित रामलीला में भी शामिल हुए थे. इस दौरान उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी दिल्ली के लोगों की सेवा करने के लिए राम राज्य के सिद्धांतों पर चल रही है. उनकी सरकार हमेशा लोगों की जरूरतों को पूरा करने पर जोर देती आई है. इसकी झलक दिल्ली सरकार के बजट में भी दिखाई देती है. बजट में सबसे ज्यादा जोर शिक्षा, स्वास्थ, बिजली, पेयजल, सार्वजनिक परिवहन और लोगों की छोटी–छोटी जरूरतों को पूरा करने पर ज्यादा रहा है. वहीं उन्होंने कहा कि देश में कोई भी बच्चा पैसे की कमी के कारण अशिक्षित नहीं रहना चाहिए. न ही पैसे की कमी के कारण स्वास्थ्य सेवा से वंचित किया जाना चाहिए.

## काशी विश्वनाथ मंदिर मिलेगा बाबा का दिव्य प्रसाद, शास्त्रों से तैयार की स्पेशल प्रसादम

वाराणसी स्थित श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में मिलने वाला बाबा का प्रसाद अब विशेष ढ़ंग से तैयार किया जाएगा. प्रसादम की शुद्धता, गुणवत्ता और स्वच्छता के मद्देनजर हिंदू धर्म के लोग ही स्नान करके भगवान को हाथ जोड़कर इसे बनाएंगे.विख्यात श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में आज से बाबा का प्रसाद बदल गया है. इसे अब चावल के आटे में बेलपत्र मिलाकर तैयार किया गया है, यहां पर हिंदू कारीगर ही प्रसादम तैयार करेंगे. श्री काशी विश्वनाथ मंदिर का अपना प्रसादम बिकेगा. कल विजयदशमी पर प्रसादम बाबा विश्वनाथ को भोग लगाकर चढ़ाया गया.शास्त्रों से तैयार किया गया प्रसादमअब इसका मंदिर परिसर में लगे स्टालों पर ही बिक्री शुरु की जाएगी. बाबा का प्रसादम शास्त्रों के आधार पर तैयार किया गया है. विद्वानों की टीम ने शास्त्रों के अध्ययन के बाद चावल के आटे, चीनी और बेल पत्र के चूर्ण से प्रसाद बनाने को कहा है. जो बेल पत्र बाबा विश्वनाथ को चढ़ाया जाता है, उसी का चूर्ण बनाकर प्रसादम में मिलाकर प्रसादम बनाया गया है. प्रसादम बनाने के नियमों का काफी सख्त कर दिया गया है. शुद्धता, स्वच्छता और गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए इसको बनाने वाले सभी हिंदू धर्म से जुड़े लोग ही रहेंगे.वाराणसी कमिश्नर ने बांटा प्रसादमवाराणसी के कमिश्नर कौशल राज शर्मा ने श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के प्रसादम को अपने हाथों से भक्तों में वितरित किया. कौशल राज शर्मा ने कहा कि आज विजयादशमी के पुनीत अवसर पर मंदिर प्रशासन के खुद के रेसिपी से तैयार प्रसाद भक्तों के लिए शुरु किया है.इससे पहले श्री काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट की तरफ से लगभग 8–10 महीने पहले इस पर विचार विमर्श करके यह निर्णय लिया गया था. जिसके तहत सेंट्रलाइज्ड प्रसाद शिवजी के ऊपर अर्पित होने वाला प्रसाद शास्त्रोक्त विधि और ग्रंथों के रिसर्च के बाद तैयार करने को कहा गया. इस विशेष प्रसाद को तैयार करने के लिए 4 से 5 महीने तक बहुत से ग्रंथों और पुराणों का अध्ययन किया गया. शिवजी को क्या प्रसाद अर्पित होता है, इन सभी विषयों पर विशेष शोध के बाद प्रसाद की रेसीपी तैयार की गई है. अमूल तैयार करेगा प्रसादमआने वाले समय में अमूल की फैक्ट्री शुरु होने के बाद कि यह प्रसाद सेंट्रलाइज तरीके से अमूल के माध्यम से तैयार कराया जाएगा. यह प्रसाद चावल के आटे के साथ कई अन्य वस्तुओं को मिलाकर तैयार कराया जाएगा. प्रसाद की गुणवत्ता और शुद्धता को लेकर अमूल से आग्रह किया गया था, जिसे अमूल ने स्वीकार कर लिया है. इसमें चावल का आटा, देसी घी और कई सामान इस्तेमाल होंगे. प्रसादम में लगने वाले सारे सामानों का इंतजाम अमूल कंपनी करेगी. इस प्रसाद को बनाने वाले लोग स्नान करके भगवान को हाथ जोड़कर, फिर प्रसाद बनाने का काम करेंगे. इसको तैयार करने वाले सभी लोगों का ताल्लुक हिंदू धर्म से होगा, जिससे प्रसाद की शुद्धता और सात्विकता बरकरार रहे.

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का हुआ पथ संचलन, तीन अलग–अलग जगहों से निकला

अलीगढ़ महर्षि वेदव्यास भाग का पथ संचलन एसएमबी इंटर कॉलेज रामघाट रोड से शुरू हुआ।महर्षिदयानंद भाग गायत्री पैलेस से और महर्षि वाल्मीकि भाग केपी इंटर कॉलेज से शुरू हुआ।राष्ट्रीय स्वयंसेवकसंघ का पथ संचलन 13 अक्टूबर को अलीगढ़ महानगर में तीन अलग–अलग जगहों से निकला।राष्ट्रीय स्वयंसेवकसंघ महानगर प्रचारक. विक्रांत ने बताया कि संघ के स्थापना दिवस व विजयादशमी के पर्व पर सुबह 6.45 पर सभी स्वयंसेवक ने पथ संचलन में भाग लिया।महर्षि वेदव्यास भाग का पथ संचलन एसएमबी इंटर कॉलेज रामघाट रोड से शुरू हुआ।महर्षि दयानंद भाग गायत्रीपैलेस से और महर्षि वाल्मीकि भाग केपी इंटरकॉलेज से शुरू हुआ।राष्ट्रीय स्वयंसेवकसंघ के स्वयंसेवककतारबद्ध होकर हाथ में लाठी लेकर अनुशासन में पथ संचलन करते नजर आए।



## एएमयू की सेवानिवृत्त महिला प्रोफेसर को 10 दिन तक रखा . डिजिटल अरेस्ट, 75 लाख ठगे



**अलीगढ़** कॉल करने वाले ने उनके बैंक खातों से गलत लेनदेन की बात कहते हुए डराया। लेनदेन के कुछ रिकार्ड भी दिखाए। फिर कुछ देर बाद वीडियो कॉल पर मुंबई ईडी का अधिकारी बनकर बातचीत की और महिला के खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज कराने की बात की। फिर शुरू हुआ डिजिटल अरेस्ट और ठगी का खेल .साइबर ठगों ने एएमयू की एक सेवानिवृत्त महिला प्रा.ेफेसर को लगातार दस दिनों तक डिजिटल अरेस्ट रखा। पहले दिन दो घंटे तक उन्हें उठने नहीं दिया गया जबकि बाकी दिन भी घंटे–आधे घंटे तक डरा धमकाकर कमरे से बाहर नहीं जाने दिया। खुद को ईडी अधिकारी बताकर डराते रहे और चार बार में 75 लाख रुपये ठग लिए। अंतिम बार आठ लाख रुपये खाते में डलवाने के बाद जब कोई कॉल नहीं आई और उन्होंने परिवार वालों से बात हुई तो ठगे जाने का अहसास हुआ। अब साइबर थाने में मुक.दमा दर्ज करा दिया गया है।एएमयू की एक सेवानिवृत्त महिला प्रोफेसर सिविल लाइंस क्षेत्र के दोदपुर इलाके में अपार्टम.ेंट में अकेली रहती हैं। देखभाल के लिए एक नौकर साथ रहता है। महिला प्रा.ेफेसर के पास 28 सितंबर 2024 को एक कॉल आई। कॉल करने वाले ने उनके बैंक खातों से गलत लेनदेन की बात कहते हुए डराया। लेनदेन के कुछ रिक.ार्ड भी दिखाए। फिर कुछ देर बाद वीडियो कॉल पर मुंबई ईडी का अधिकारी बनकर बातचीत की और महिला के खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज कराने की बात की। इतना ही नहीं एक फर्जी एफआईआर की कॉपी तक महिला के पास भेज दी। फिर बताया कि नरेश गोयल नाम का व्यक्ति गिरफ्तार किया गया है, जिसने सभी जानकारी दी हैं। बातों में लगाकर महिला से आधार कार्ड व पैन कार्ड की जानकारी ली। फिर बताया कि आपके खाते की रकम सुप्रीम कोर्ट के खाते में जमा होगी। जो जांच पूरी होने के बाद ही वापस होगी। यह भी धमकी दी कि अगर किसी को बताया तो खुद महिला को और जिसे जानकारी दोगी, उसको छह– छह माह की सजा होगी। इसके बाद गोपनीयता की एक अंडरटेकिंग भी व्हाट्सएप पर ली गई। साथ में कहा कि हमारा आदमी तुम्हारे घर के बाहर निगरानी कर रहा है। हर दो घंटे पर तुमको अपनी ओर से अपनी खैर खबर सकुशल होने की देनी है। इससे महिला बहुत डर गई। हर दिन वह खैर खबर देती रहीं।फिर सेवा.निवृत प्रोफेसर से तीसरे दिन 30 सितंबर की बातचीत में रुपये ट्रांसफर कराने को कहा और महिला के सेंट्रल बैंक के खाते से पटना के एक इंडस बैंक के खाते में 37 लाख रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कराए। फिर इसके अगले दिन एक अक्तूबर को महिला ने एसबीआई मेडिकल रोड जाकर उनके द्वारा बताए गए भीलवाड़ा राजस्थान की आईसीआइ.ेसीआई बैंक शाखा के खाते में 25 लाख रुपये जमा किए। दोनों बार की रकम प्राप्ति की रसीद महिला को दी। फिर तीसरी बार में दो दिन के अंतराल के बाद तीन अक्तूबर को वर्द्धमान पश्चिम बंगाल के एक बैंक खाते में सेंट्रल बैंक से पांच लाख रुपये जमा कराए गए। चौथी बार सात अक्तूबर को आठ लाख रुपये एसबीआई मेडिकल रोड से जाम नगर गुजरात के आईसीआईसीआई बैंक के खाते में जमा कराए।सात अक्तूबर को जब शातिर ठगों से बुजुर्ग सेवानिवृत्त महिला प्रोफेसर का आखिरी बार रकम जमा होने के बाद संपर्क टूट गया। तब उन्हें अपने साथ हुई ठगी का अहसास हुआ। महिला ने अपने भाई को हुई साइबर ठगी की जानकारी दी। इसके बाद साइबर पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत की गई। साइबर थाने में पीड़ित महिला ने शुक्रवार को पहुंचकर मुकदमा दर्ज कराया। इस दौरान हैकरों ने वीडियो कॉल पर बातचीत में महिला के हाथों में पहनी सोने की चूड़ियां देख लीं। उन्हें लेकर कहा कि आप इन्हें गिरवी रखकर इसके पैसे भी हमें भेज दें। तब महिला ने पांच तारीख को इन चूड़ियों से एसबीआई से 2.60 लाख का गोल्ड ऋण लिया। इसे मिलाकर आठ लाख रुपये सबसे आखिर में जमा किए गए। साइबर थाने के प्रभारी सुरेंद्र सिंह ने मुकदमे दर्ज करने व जांच करने की बात कही। 21 खातों में पहुंची रकम, 13 लाख होल्ड साइबर थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि साइबर थाना टीम ने सेवानिवृत्त महिला प्रोफेसर की शिकायत के बाद बैंकों को अलर्ट मेसेज भेजा।

इसके आधार पर जानकारी मिली कि जिन चार खातों में रकम डलवाई गई है, उनसे आगे के 21 खातों में पूरी रकम गई है। यह बैंक खाते वर्द्धमान, पटना, नागौर राजस्थान, वायनाड केरल, कोचीकोड केरल, मन्नातरई तमिलनाडू, चेन्नई, जाम नगर गुजरात, भीलवाड़ा राजस्थान, गुना मध्य प्रदेश, तिरचल्ली तमिलनाडु आदि शहरों के हैं। उन्होंने बताया कि इन खातों में पहुंची करीब 13 लाख रुपये की रकम शनिवार देर शाम तक होल्ड करा दी गई है। मामले में अग्रिम जांच व कार्रवाई जारी है।

## क्रिकेटर रिंकू सिंह के जन्मदिन पर प्रशंसकों ने काटा केक, जमकर किया डांस

अलीगढ़ स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विवेक बंसल ने अपने अयोध्या कुटी मैरिस रोड कार्यालय पर रिंकू सिंह के जन्मदिन पर केक काटा।भारतीय क्रिकेट टीम के सदस्य रिंकू सिंह का जन्मदिन महुआ खेड़ा स्थित उनके गृह मैदान पर मनाया गया। रिंकू के प्रशंसकों ने केक काटा और जमकर नृत्य किया। इस मौके पर अर्जुन सिंह फकीरा, योगेंद्रपाल सिंह बंटी, सोनू आदि मौजूद रहे।उधर, अलीगढ़ स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विवेक बंसल ने अपने अयोध्या कुटी मैरिस रोड कार्यालय पर रिंकू सिंह के जन्मदिन पर केक काटा। यहां शालिनी चौहान, कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष नवेद खान, कलरव अग्रवाल, मनोज गोयल, पार्षद विजेंद्र सिंह बघेल आदि थे।

### श्रीकृष्ण ने किया कंस वध

चिरंजीलाल कन्या इंटर कालेज में चल रही श्रीकृष्ण लीला में शनिवार को कंस का वध होते ही श्रीकृष्ण की जय–जयकार होने लगी। कथा में ब्रज में पहुंचे नारदजी ने श्रीकृष्ण से कहा कि आपका जन्म कंस को मारने के लिए हुआ है, लेकिन ब्रज वासियों के प्रेम में आप भूल गए कि यहां क्यों आए हैं। भगवान ने कहा कि किसी प्रकार आप हमें मथुरा बुला लें तो कंस को मार देंगे। नारद जी मथुरा आकर कंस को समझाते हैं। सेना.पति अक्रूर को श्रीकृष्ण व बलराम को मथुरा लाने के लिए भेज देते हैं।

## कंप्यूटर सेल की गैलरी में रखी बैटरी चोरी करते युवक दबोचा, रिपोर्ट दर्ज, माल बरामद

कंप्यूटर सेल में गैलरी में रखी नई बैटरी को 11 अक.टूबर को एक युवक चोरी कर रहा था। आरोपी ने अपनी पहचान नवेद निवासी जमालपुर पुरानी चौकी, सिविल लाइंस के रूप में दी। यहां से पिछले तीन दिन में आठ बैटरी चोरी हो चुकी हैं। नवेद के बैग से चोरी की गई बैटरी बरामद हुई। एएमयू के प्रशासनिक ब्लॉक के फा.इनांस ऑफिस के कंप्यूटर सेल की गैलरी में रखी बैटरी चोरी करते हुए एक युवक को कर्मचारियों ने रंगे–हाथों पकड़ लिया। आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया गया। प्रशासनिक ब्लॉक के केयर टेकर आमिर जफर खां ने इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई है।उन्होंने बताया कि कंप्यूटर सेल में गैलरी में रखी नई बैटरी को 11 अक्टूबर को एक युवक चोरी कर रहा था। आरोपी ने अपनी पहचान नवेद निवासी जमालपुर पुरानी चौकी, सिविल लाइंस के रूप में दी। यहां से पिछले तीन दिन में आठ बैटरी चोरी हो चुकी हैं। नवेद के बैग से चोरी की गई बैटरी बरामद हुई। आरोपी के पास से मोबाइल, स्मार्ट घड़ी, एक इलेक्ट्रिक स्कूटी, एक बैग बरामद हुआ है। थाना सिविल लाइंस के प्रभारी रीतेश कुमार ने बताया कि आरोपी से पूछ.ताछ कर पहले चोरी गईं बैटरियों के बारे में जानकारी ली जा रही है।

## वित्त विहीन विद्यालय महा प्रबंधक महासभा के पदाधिकारीयो द्वारा मंत्री संदीप सिंह को दिया शिकायती प्रार्थना पत्र

अलीगढ़। ज्ञापन के माध्यम से वित्त.विहीन विद्यालय प्रबंधक महासभा शिक्षा विभाग द्वारा उत्पीड़न के खिलाफ निम्न.लिखित पांच सूत्रीय मांगों के साथ दिया ज्ञापन १. पिछले तीन–चार महीनों से स्कूलों में मान्यता स्थायीकरण और बिना मान्यता के स्कूल संचालन की खबरें विभाग द्वारा द्रष्पचारित की जा रही है। जिसके कारण म्रादयता स्थायीकरण और बिना और समाज में छवि धूमिल हो रही है। इसको तत्कालबंद कराया जाए। २. शिक्षा विभाग द्वारा मान्यता स्थाईकरण के लिए दबाव बनाया जा रहा है जो कि अनुचित है क्योंकि ८ मई २०१३ के शासनादेश में स्पष्ट रूप से लिखा हुआ है कि स्कूल संचालन के ३ साल बाद मान्यता स्वतः स्थाई मान ली जाएगी।मान्यता स्थाईकरण के नाम पर विद्यालयों को उत्पीड़न तत्काल बंद कराया जाए। ३. ८ मई २०१३ के शासनादेश के अनुरूप सभी विद्यालयों को स्थाई मान्यता का पत्र बिना किसी शर्त के तत्काल प्रदान किया जाना चाहिए।४. आर६टी६ई६ शुल्क प्रतिपूर्ति के अंतर्गत दिए जाने वाले शुल्क का पुनः निर्धारण वर्तमान की महंगाई को



ध्यान में रखते हुए शुल्क को बढ़ाया जाना अत्यंत आवश्यक है क्योंकि जो शुल्क वर्ष २००६ में निर्धारित किया गया था वह आज भी उसी दर से किया जा रहा है जबकि महंगाई दर १० गुना तक बढ़ चुकी है५. आर६टी६ई६के अंतर्गत प्रवेश प्रक्रिया में केवल दो लहृटरी १५ जनवरी से १५ मार्च के मध्य ही निकाली जाएं, शेष कार्यवाही को ३० मार्च तक पूर्ण कर १ से १५ अप्रैल तक प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करली जाए। ८. आर६टी६ई६ में लहृटरी के अंतर्गत आवंटित बच्चे यदि विद्यालय में प्रवेश नहीं लेते हैं तो शेष सीटे रिक्त होने के बावजूद पोर्टलपर सीट एग्जास्ट दिखाते हैं ऐसी सीटों पर वंचित रह गए बच्चों को पुनः आवंटित किए जाने का प्रावधान होना चाहिए

७. अनेक गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय, विभाग को चकमा देने के लिए कोचिंग के नाम पर चलाए जा रहे हैं इन्हें तत्काल बंदकराया विद्यालयों को अविलंब न्कपेम नंबर उपलब्ध कराया जाए जिससे सरकार को सही योजना बनाने में मदद मिल सके।

८. सभी विद्यालयों में नर्सरी कक्षा से ऊपर की सभी कक्षाओं में प्रवेश हेतु ट्रांसफर सर्टिफिकेट के साथ साथ पेन नंबर एवंविद्यालय के न्कपेम नंबर की अनिवार्यता सख्ती से लागू कराई जाए, जिससे फर्जी नामांकन रोका जा सके विद्यातइ वेट विद्यालयों के छात्रों को भी आधार कार्ड बनवाने के लिए बी६आर६सी६स्तर सुविधा उपलब्ध कराई जाय क्योंकि यह बच्चे भी सरकार के ही होते हैं शिक्षा विभाग में बड़े पैमाने पर पढ़ने वाले छात्रों का नामांकन बेसिक के विद्यालयों के कुरु रखा है

## अलीगढ़ मे बीमारियां फैला रहे कूड़े के पहाड़, गहरी नींद सो रहे जिम्मेदार

अलीगढ़ उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ शहर में मथुरा रोड पर स्थित कूड़े के पहाड़ों ने स्थानीय निवासियों की जिंदगी दूभर कर दी है. लगभग 50—60 हजार की आबादी इस बदबू और मच्छरों के प्रकोप से प्रभावित हो रही है. लोग ठीक से सो नहीं पा रहे हैं, और सांस की बीमारियों, मलेरिया, डेंगू जैसी समस्याओं का खतरा बढ़ रहा है. इसके बावजूद, जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि समस्या का समाधान करने में विफल नजर आ रहे हैं.स्थानीय चिकित्सक भी चेतावनी दे रहे हैं कि इस इलाके में सांस रोगियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है. मच्छरों के कारण मलेरिया और डेंगू जैसी बीमारियाँ फैल रही हैं. बदबू और वायु प्रदूषण के चलते लोग खुले में सांस तक नहीं ले पा रहे हैं, जिससे उनकी दैनिक दिनचर्या बुरी तरह प्रभावित हो रही है. स्थानीय निवासियों की नाराजगीक्षेत्र के लोग नगर निगम के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी दे रहे हैं. उनका कहना है कि अगर तीन दिन के भीतर कूड़े का निस्तारण नहीं किया गया, तो वे धरना प्रदर्शन करेंगे. ईश्वर दास वर्मा, एक स्थानीय निवासी, ने बताया कि कूड़े के ढेर के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है और फॉगिंग का असर भी अल्पकालिक साबित हो रहा है. रा.जेश गुप्ता ने बताया कि बदबू से उनका जीवन असहनीय हो गया है, और कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई समाधान नहीं मिला. इलाके में बढ़ती बीमारियों और गंदगी के कारण लोग अपने घरों के दरवाजे बंद रखने पर मजबूर हैंप्रशासन और जनप्रतिनिधियों की प्रतिक्रियाअलीगढ़ के कोल विधायक अनिल पाराशर ने कहा कि मच्छरों से बचाव के लिए फॉगिंग कराई जा रही है और बदबू से निपटने के उपाय किए जा रहे हैं. उन्होंने बताया कि कूड़ा निस्तारण के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू हो गई है, और जल्द ही इस समस्या का स्थायी समाधान किया जाएगा. नगर निगम से भी बात.चीत चल रही है ताकि जनता की परेशानियों का समाधान जल्द से जल्द हो सके.

# छेरत पर बाइक खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली में घुसी, बुलंशहर के चार दोस्तों की मौत

डिबाई के दौलतपुर खुर्द के चार दोस्त एक बाइक पर अलीगढ़ में दोस्त के फंक्शन की कह कर गए थे। अलीगढ़ से लौटते समय जवां क्षेत्र के अनूपशहर रोड स्थित छेरत पर उनकी बाइक खड़ी ट्रैक्टर–ट्रॉली से टकरा गई। हादसे में चारों की मौत हो गई।बुलंदशहर जनपद में डिबाई के दौलतपुर खुर्द निवासी चार दोस्त अलीगढ़ से एक ही बाइक पर देर रात गांव लौट रहे थे। अलीगढ़ में जवां क्षेत्र के अनूपशहर रोड स्थित छेरत पर बाइक खड़ी हुई ट्रैक्टर–ट्रॉली में घुस गई। बाइक पर सवार चारों दोस्तों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि 12 अक्टूबर को डिबाई के दौलतपुर खुर्द गांव के



रहने वाले चार दोस्त एक बाइक पर सवार थे। अलीगढ़ से बाइक पर सवार होकर चारों युवक वापस अपने गांव लौट रहे थे। 13 अक्टूबर को रात 2 बजे जवां क्षेत्र के अनूपशहर रोड स्थित छेरत पर सी डी एफ चौकी से आगे तेज रफ्तार बाइक खड़ी सीमेंट से भरी ट्रैक्टर–ट्रॉली से टकरा गई। हादसे में विकास ,यश, सुनील, रवि गंभीर घायल हो गए।पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर परिजनों को हादसे की जानकारी दी। पुलिस ने चारों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, पर किसी की भी जान नहीं बच सकी। पुलिस ने चारों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एक मृतक के पिता श्याम सिंह ने बताया है कि एक ही गांव के चारों हैं। अलीगढ़ किसी दोस्त के फंक्शन में आए थे। लौटते समय रास्ते में छेरत के पास ट्रैक्टर–ट्रॉली से टकरा गए। बताया जा रहा है कि एक की मौके पर ही मौत हो गई थी, बाकी की बाद में मौत हो गई। जवां थाना पुलिस का कहना है कि छेरत पर बाइक और ट्रैक्टर–ट्रॉली की टक्कर की सूचना मिली। बाइक पर सवार घायल चारों युवकों को मेडिकल में भर्ती कराया, पर जान न बच सकी।रात में दो बजे चार युवक विकास ,यश, सुनील, रवि की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। चारों डिबाई–बुलंदशहर के रहने वाले थे। चारों अलीगढ़ से बुलंदशहर प्लेटीना बाइक से जा रहे थे। इनकी बाइक छेरत पर सी डी एफ चौकी से आगे सीमेंट लदे खराब खड़ी ट्रैक्टर–ट्रॉली से टकरा गई। चारों को पुलिस ने मेडिकल कॉलेज भर्ती कराया गया, जहां चारों को मृत घोषित कर दिया। परिजनों को सूचना दे दी गई है। चारों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।– **मयंक पाठक, सीओ तृतीय, अलीगढ़**

**ये हुए मृतक**

**विकास पुत्र हरिओम शर्मा उम्र 19 वर्ष**

**यश पुत्र प्रदीप शर्मा उम्र 19 वर्ष**

**रवि पुत्र श्याम सिंह उम्र 20 वर्ष**

**सुनील पुत्र लक्खी उम्र 20 वर्ष**

## कर्मचारी की मौत, फैक्टरी में बुरी तरह से पीटने और मानसिक उत्पीड़न करने का लगाया आरोप

अजय कुमार हैवतपुर सीया स्थित एक फैक्टरी में काम करते थे। फैक्टरी मालिक ने अजय कुमार की तबीयत खराब होने की खबर दी। जब वह लोग पहुंचे तो पता चला कि उनकी मौत हो गई।ह. ‘वतपुर सीया गांव स्थित एक फैक्टरी के कर्मचारी की मौत हो गई। परिजनों ने फैक्टरी में बुरी तरह से पीटने और मानसिक उत्पीड़न कर मार डालने का आरोप लगाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।लोधा निवासी ललित कुमार पुत्र वीरपाल के अनुसार उनके चाचा अजय कुमार पुत्र मोहनलाल हैवतपुर सीया स्थित एक फैक्टरी में काम करते थे। 11 अक्तूबर को काम पर फैक्टरी गए थे। शाम चार बजे फैक्टरी मालिक ने अजय कुमार की तबीयत खराब होने की खबर दी।



जब वह लोग पहुंचे तो पता चला कि फैक्टरी मालिक मोहम्मद वसीम सहित कई लोगों ने उनके चाचा का मानसिकउत्पीड़न करते हुए पीटा था। इससे से उनकी मौत हो गई।

## सहपऊ के रामलीला मैदान में तैयार हो रहा सामुदायिक भवन

कस्बा के हनुमान टीली स्थित रामलीला मैदान में रामलीला मंच के साथ ही 29 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण किया जा रहा है। भवन का निर्माण अब अपने अंतिम चरण है।निर्माण पूरा होने के बाद इस भवन में कस्बा आर्थिक रूप से कमजोर लोग इस भवन में आयोजन करा सकेंगे। भवन में एक बड़ा हॉल के साथ महिला एवं पुरुषों के लिए शौचालय, स्नानघर की सुविधा दी जाएगी। हॉल के साथ एक कमरा, एक रसोई का भी प्रबंध किया गया है। नगर पंचायत चेयरमैन शीला दिवाकर ने बताया है कि सामुदायिक भवन लगभग तैयार हो चुका है। उसमें दरवाजे एवं खिड़कियां लगाने का कार्य शेष रह गया है। वह भी जल्द पूरा हो जाएगा। पूरा भवन तैयार होने के बाद इसका लोकार्पण किया जाएगा। भविष्य में आर्थिक रूप से कमजोर परिवार भी इसका भवन लाभ उठा सकते हैं।

## खैर विधानसभा क्षेत्र को बसपा ने चार जोन में बांटा

खैर विधासभा उप चुनाव को लेकर बसपा ने कमर कस ली है। वरिष्ठ नेता हितेंद्र उपाध्याय बंटी के रामघाट रोड सिटी एंक्लेब में आगरा व अलीगढ़ मंडल प्रभारी सूरज सिंह ने पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की बैठक हुई, जिसमें पार्टी ने खैर विधानसभ को चार जोन में बांटा है। हर जोन में मंडल प्रभारियों को चुनाव प्रचार के लिए जिम्मेदारी सौंपी है। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मोरध्वज कुशवाह ने की। प्रत्येक जोन में तीन से चार मंडल व जिला स्तर के पदाधिकारियों की नियुक्ति की है। सेक्टर व्यवस्था लागू कर दी गई है। सूरज सिंह ने बताया कि पार्टी ने खैर विधानसभा उपचुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक सक्रिय रहने के निर्देश दिए गए हैं। करीब 450 बूथ हैं। प्रत्येक बूथ पर 10 कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी है। खैर विधानसभा क्षेत्र को जिन चार बूथ में बांटा है, जोन नंबर एक टप्पल में 13 सेक्टर है। खैर विधानसभा को 4 जोन में बांटा गया है जोन नंबर एक टप्पल में 13 सेक्टर है, जिसे मंडल प्रभारी विजेंद्र सिंह विक्रम, रतन दीप सिंह व हरेंद्र सिंह देखेंगे।

